# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी

# मार्च, 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी (प्रत्येक माह)
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी मार्च, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 March, 2026

■ **दिल्ली में 40 वर्ष बाद 'देखो मेरी दिल्ली' नामक इलेक्ट्रिक ओपन टॉप डबल डेकर पर्यटक बस सेवा का शुभारम्भ हुआ–**

28 फरवरी, 2026 को दिल्ली में 40 वर्ष बाद विजय चौक से 'देखो मेरी दिल्ली' नामक इलेक्ट्रिक ओपन टॉप डबल डेकर पर्यटक बस सेवा का शुभारम्भ हुआ। इससे पर्यटक आधुनिक तरीके से दिल्ली की विरासत को निहार सकेंगे। यह बस 63 सीटर है और इलेक्ट्रिक होने के कारण पूरी तरह से जीरो एमिशन वाली है। यह बस हेरिटेज टूर प्रमुख स्थल विजय चौक, कर्तव्य पथ, राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ-साउथ ब्लॉक, नेशनल म्यूजियम, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट, प्रधानमंत्री संग्रहालय, नेशनल वॉर म्यूजियम, इंडिया गेट और दिल्ली हाट के रूट पर चलेगी। बस में टिकट दर वयस्क ₹ 500, बच्चे (6-12 साल) ₹ 300 निर्धारित किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली में डबल डेकर बसें 1960-70 के दशक में दिल्ली परिवहन निगम की 'सुविधा' सेवा के रूप में लोकप्रिय थीं। इन्हें 1980 के दशक में बंद कर दिया गया था।

■ **जम्मू-कश्मीर ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता; जम्मू-कश्मीर सरकार ने ₹ 2 करोड़ देने की घोषणा की–**

28 फरवरी, 2026 के दिन जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। 1959-60 में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेलने वाली इस टीम ने 67 साल बाद घरेलू क्रिकेट में अपनी बादशाहत साबित कर दिखाई। जम्मू-कश्मीर की टीम ने फाइनल में आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को पहली पारी में बढ़त के आधार पर हराकर पहली बार रणजी खिताब जीता। जम्मू-कश्मीर की टीम ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने क्वाटरफाइनल में पूर्व चैंपियन मध्य प्रदेश और फिर सेमीफाइनल में बंगाल को हराकर पहली बार फाइनल का टिकट कटाया था। जम्मू-कश्मीर की इस ऐतिहासिक जीत की स्क्रिप्ट लिखने वाले तीन प्रमुख खिलाड़ी...

| अब्दुल समद | | |
|---|---|---|
| 10 | 748 | 57.53 |
| मैच | रन | औसत |
| 01 शतक, 05 अर्द्धशतक | | |

| पारस डोगरा | | |
|---|---|---|
| 10 | 637 | 42.46 |
| मैच | रन | औसत |
| 02 शतक, 04 अर्द्धशतक | | |

| आकिब अली | | |
|---|---|---|
| 10 | 60 | 2.65 |
| मैच | विकेट | इकोनॉमी |
| 07 बार 5 विकेट | | |

## Newspaper of 2 March, 2026

■ **फरवरी, 2026 में सालाना आधार पर जीएसटी संग्रह 18% बढ़कर ₹ 1,83,609 करोड़ से अधिक रहा–**

फरवरी, 2026 में भारत सरकार का सालाना आधार पर जीएसटी संग्रह 18% बढ़कर ₹ 1,83,609 करोड़ से अधिक रहा है। इस दौरान कुल घरेलू जीएसटी कलेक्शन 5.3 बढ़ा और लगभग ₹ 1.36 लाख करोड़ रहा। आयात से राजस्व 17.2 बढबर ₹ 47,837 करोड़ पहुँच गया। कुल रिफंड भी 10.2% बढ़ कर ₹ 22,595 करोड़ रहा।

जीएसटी संग्रह एक नजर में–

| माह | जीएसटी संग्रह (लाख करोड़ में) | सालाना आधार पर वृद्धि (% में) |
|---|---|---|
| अगस्त, 2025 | 1.86 | 6.5% |
| सितम्बर, 2025 | 1.89 | 9.1% |
| अक्टूबर, 2025 | 1.96 | 4.3% |
| नवम्बर, 2025 | 1.70 | 0.7% |
| दिसम्बर, 2025 | 1.75 | 6.1% |
| जनवरी, 2026 | 1.93 | 6.2% |
| फरवरी, 2026 | 1.83 | 8.1% |

**किस मद में कितना जीएसटी मिला (फरवरी, 2026)**

| | |
|---|---|
| सेंट्रल जीएसटी | ₹ 37,473 करोड़ |
| स्टेट जीएसटी | ₹ 45,900 करोड़ |
| आइजीएसटी | ₹ 1,00,236 करोड़ |

## Newspaper of 5 March, 2026

■ **भारत के रक्षा खरीद बोर्ड ने रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के पाँच स्क्वाड्रन खरीद को मंजूरी दी–**

हाल ही में भारत के रक्षा खरीद बोर्ड ने रूस से एस-400 डिफेंस सिस्टम के पाँच स्क्वाड्रन खरीद को मंजूरी दी। ऑपरेशन सिंदूर में एस-400 डिफेंस ने बड़ी भूमिका निभाई थी। वर्तमान में भारत के पास तीन स्क्वाड्रन सिस्टम हैं, साल के अंत तक दो और मिलेंगे। वहीं, पाँच की और खरीद से भारत में इसकी 10 स्क्वाड्रन हो जाएंगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 6 March, 2026

- **केन्द्र सरकार ने सात राज्यों के राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) दिल्ली व लद्दाख के उपराज्यपालों (एल जी) में फेरबदल किया–**

5 मार्च, 2026 को केन्द्र सरकार ने सात राज्यों के राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) दिल्ली व लद्दाख के उपराज्यपालों (एल जी) में फेरबदल किया है।

**नई नियुक्ति**

- **सैयद अता हसनैन**–बिहार का राज्यपाल बनाया
- **नंद किशोर यादव**–नगालैंड का राज्यपाल बनाया
- **तरनजीत संधु**–दिल्ली (एल जी)

**तबादले**

- **शिव प्रताप शुक्ला**–हिमाचल प्रदेश से तेलंगाना का राज्यपाल बनाया।
- **जिष्णु देव शर्मा**–तेलंगाना से महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया।
- **आर.एन. रवि**–तमिलनाडु से बंगाल का राज्यपाल बनाया।
- **कविंद्र गुप्ता**–एल जी लद्दाख से हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया।
- **विनय कुमार सक्सैना**–एल जी दिल्ली से एल जी लद्दाख बनाया।

- **पीएम नरेन्द्र मोदी ने यूरोपीय देश फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय बैठक की; शिक्षकों की ट्रेनिंग, एआई पर समझौते हुए–**

मार्च, 2026 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में यूरोपीय देश फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय बैठक की। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि हम दोनों देशों के संबंधों को डिजिटली रणनीतिक रूप दे रहे हैं। यह भागीदारी एआइ से लेकर 6जी टेलिकॉम तक, क्लीन एनर्जी से क्वांटम कंप्यूटिंग तक, कई हाई-टेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

दोनों देशों के बीच माइग्रेशन और मोबिलिटी साझेदारी पर समझौता हुआ। इसका मकसद कुशल भारतीय पेशेवरों को नए मौके देना है। पीएम ने कहा, 'फिनलैंड भारतीय छात्रों और टैलेंट के लिए नई जगह बन रहा है। हम जॉइंट रिसर्च एंड स्टार्टअप सहयोग और मजबूत करेंगे।' दोनों देश शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों के बीच साझेदारी और शिक्षा पर शोध के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे।

- **केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डिजिटल जनगणना-2027 के शुभंकर 'प्रगति' (महिला) और 'विकास' (पुरुष) जारी किए। जनगणना को पूरी तरह डिजिटल बनाने के लिए 4 टूल (मैपिंग के लिए एचएलबीसी वेब ऐप, डेटा संग्रह के लिए एचएलओ मोबाइल ऐप, सेल्फ-एन्फूरिशन पोर्टल और निगरानी के लिए सीएमएमएस) भी लॉन्च किए। जनगणना का पहला चरण (हाउस लिस्टिंग) 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा।**



## Newspaper of 7 March, 2026

- **गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) के जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से सुरक्षा मंजूरी मिल गई है। इस एयरपोर्ट का वर्ष, 2026 में शुभारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।**

- **मार्च, 2026 में पद्मश्री से सम्मानित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार को आइआइएम कलकत्ता के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के नए चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया गया है।**

- **हरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2026 जारी; पहली बार 4000 से ज्यादा अरबपति–**

हाल ही में जारी हरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2026 के अनुसार, पहली बार दुनिया में अरबपतियों की संख्या 4000 के बार पहुँच कर 4020 हो गई है। हर दिन दो नए अरबपति बने हैं। सूची में दुनिया के कुल अरबपतियों में से एक-चौथाई से अधिक अकेले चीन में हैं। चीन 1110 अरबपतियों के साथ शीर्ष पर है। जबकि अमेरिका 1000 अरबपतियों के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत 308 अरबपतियों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### दुनिया के शीर्ष 5 सबसे धनवान व्यक्ति

| रैंक | नाम | संपत्ति | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| 1. | एलन मस्क | 792 | 89% |
| 2. | जेफ बेजोस | 300 | 13% |
| 3. | लैरी पेज | 271 | 65% |
| 4. | लैरी एलिसन | 267 | 32% |
| 5. | सर्गेई ब्रिन | 247 | 67% |

(संपत्ति अरब डॉलर में)

### भारत के टॉप 5 अरबपति

| रैंक | नाम | संपत्ति | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश अंबानी | 9.8 | 09% |
| 2. | गौतम अडानी | 7.5 | –14% |
| 3. | रोशनी नाडर मल्होत्रा | 3.2 | –10% |
| 4. | साइरस एस. पूनावाला | 3.0 | 44% |
| 5. | कुमार मंगलम बिड़ला | 2.5 | 22% |

(संपत्ति ₹लाख करोड़ में)

## Newspaper of 9 March, 2026

- **हाल ही में आर.एम. नचम्मई देश के एक फंक्शनल न्यूक्लियर पावर प्लांट की कमान संभालने वाली पहली महिला बन गई हैं। वे 15 मार्च, 2026 से कर्नाटक के कैगा जनरेटिंग स्टेशन की यूनिट 3 व 4 को बतौर चीफ सुपरिटेंडेंट संभाल रही हैं।**

**उल्लेखनीय है कि परमाणु ऊर्जा प्रणाली में यह पद तकनीकी रूप से सबसे गहन और जिम्मेदारी वाला माना जाता है।**

- **टी20 वर्ल्ड कप क्रिकेट 2026 में फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर टीम इंडिया विश्व विजेता बनी; लगातार दूसरी बार खिताब जीता–**

8 मार्च, 2026 को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इसी के साथ भारत अपना टी20 वर्ल्ड कप खिताब बचाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। भारत का टी20 क्रिकेट में ये तीसरा (2007, 2024 और अब 2026) वर्ल्ड कप है। यह किसी भी देश द्वारा जीते गए सबसे अधिक टी20 वर्ल्ड कप खिताब हैं। भारत ने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज (प्रत्येक के पास 2-2 खिताब) को पीछे छोड़ा।

भारत का 255/5 का स्कोर टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर भी बन गया। श्रीलंका 260 रनों के साथ टॉप पर। भारत के जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन दूसरे पर हैं।

- प्लेयर ऑफ द मैच जसप्रीत बुमराह रहे, उन्होंने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट लिए।
- प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट संजू सैमसन रहे, उन्होंने 4 मैचों में 321 रन बनाए व टूर्नामेंट के शीर्ष-3 बैटर्स में रहे। स्ट्राइक रेट 199.37 रहा।

उल्लेखनीय है कि भारत ने अब तक आठ आइसीसी टूर्नामेंट जीते हैं–

- वन डे विश्व कप - 1983
- चैंपियंस ट्रॉफी - 2002
- टी20 विश्व कप - 2007
- वन डे विश्व कप - 2011
- चैंपियंस ट्रॉफी - 2013
- टी20 विश्वकप - 2024
- चैंपियंस ट्रॉफी - 2025
- टी20 विश्व कप - 2026

## Newspaper of 10 March, 2026

- **यूक्रेन के बाद भारत बना सबसे बड़ा हथियार खरीदार–**

हाल ही में जारी स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2021 से 2025 के बीच यूक्रेन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बना रहा। इस दौरान वैश्विक हथियार खरीदने में भारत की हिस्सेदारी 8.2% रही। इसकी बड़ी वजह चीन और पाकिस्तान से चल रहा तनाव है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि 2016-20 और 2021-25 के बीच भारत के हथियार आयात में लगभग 4% की गिरावट आई है। इसकी एक वजह यह है कि भारत अब कई हथियार प्रणालियों को खुद बना रहा है।

- 2011-15 के दौरान हथियार आयात में रूस की हिस्सेदारी 70% थी।
- 2016-20 में यह घटकर 51% रह गई।
- 2021-25 में यह और घटकर 40% हो गई।
- फ्रांस, इजरायल, अमेरिका से खरीद बढ़ी है।

**हथियार खरीदने में ये देश टॉप पर–**

1. यूक्रेन
2. भारत
3. सऊदी अरब
4. कतर
5. पाकिस्तान

**अमेरिका ने बेचे सबसे ज्यादा हथियार**

वैश्विक हथियार निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 42% रही। इसके बाद फ्रांस (9.8%) और रूस 6.8% का स्थान रहा। रूस की हिस्सेदारी 2016-20 के दौरान 21% से घटकर यहाँ पहुँची है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **9 मार्च, 2026 को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाई गयी मादा चीता ज्वाला ने 5 शावकों को जन्म दिया। अब भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 53 हो गई है। इनमें से 50 चीते कूनों में हैं, वहीं 3 चीते मध्य प्रदेश के ही गांधी सागर अभयारण्य में हैं। ज्वाला तीसरी बार माँ बनी है। उल्लेखनीय है कि भारत में जन्मे चीते के जीवित शावकों की संख्या 33 हो गई है।**

## Newspaper of 12 March, 2026

- **नासा के अपोलो मिशन द्वारा लाई गई 'चांद की मिट्टी' में खेती, उगाई चने की फसल–**

हाल ही में टैक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 'चांद की मिट्टी' में चने की फसल उगाने में कामयाबी पाई है। यह प्रयोग नासा के अपोलो मिशन द्वारा लाई गई असली मिट्टी के नमूने के आधार पर बनाई गई धूल पर किया गया है। इस मिट्टी के मिश्रण में पौधे 75% तक अच्छी तरह पनप सकते हैं। हालाकि, जैसे-जैसे मिट्टी में चांद की धूल की मात्रा बढ़ाई गई तो चने की संख्या में थोड़ी कमी देखी गई, लेकिन उनका आकार सामान्य ही रहा।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इन चनों को अभी खाया नहीं जा सकता, क्योंकि इनमें एल्युमिनियम और आयरन जैसी धातुओं की मात्रा की जांच की जा रही है। चांद की मिट्टी में धातुएँ अधिक होती हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकती हैं। सुरक्षा जांच के बाद ही इन्हें खा सकते हैं।

**ऐसे बनाई उपजाऊ मिट्टी**–चांद की मिट्टी काफी पथरीली और कांच जैसी नुकीली होती है। इसमें खेती करना लगभग नामुमकिन था। इसे उपजाऊ बनाने के लिए वैज्ञानिकों ने इसमें विशेष प्रकार की फंगस और केंचुओं से बनी खाद मिलाई। इस तकनीक से मिट्टी में जान आ गई और चने अंकुरित होते नजर आने लगे।

## Newspaper of 13 March, 2026

- **मेटा के मालिकाना हक वाले वॉट्सअप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रण अकाउंट शुरू किया है। इसके तहत छोटे बच्चे अभिभावकों की निगरानी में वॉट्सअप का इस्तेमाल कर सकेंगे। पैरेन्ट्स बच्चों की कॉन्टेक्ट लिस्ट भी नियंत्रित कर सकेंगे।**

**कैसे होगा–बच्चे के फोन में वॉट्सअप में Create a Parant Management Account चुनना होगा। उसे अपने अकाउंट से लिंक करें। ये अकाउंट मैसेजिंग और कॉलिंग तक सीमित रखे जा सकते हैं।**

## Newspaper of 14 March, 2026

- **हाल ही में ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.5% कर दिया है। पहले यह 7.4% था। एजेंसी के मुताबिक घरेलू मजबूत मांग, उपभोक्ता खर्च और निवेश से अधिक रफ्तार बढ़ रही है। एजेंसी ने 2026-27 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.7% रखा है। हालांकि यह भी कहा है कि बढ़ती महंगाई और वैश्विक अनिश्चितता खपत घटा भी सकती है।**

- **हाल ही में गूगल ने बाढ़ का पूर्वानुमान लगाने के लिए एआई आधारित नई टेक्नोलॉजी ग्राउंडसोर्स लॉन्च की है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचई ने बताया कि यह पूर्वानुमान मॉडल शहरी क्षेत्रों में अचानक आने वाली बाढ़ का 24 घंटे पहले तक पूर्वानुमान लगा सकता है। यह नई एआई पद्धति है जो जेमिनी का उपयोग करके 150 से अधिक देशों में 2.6 मिलियन से अधिक ऐतिहासिक घटनाओं के डेटा के आधार पर बाढ़ का पूर्वानुमान लगाती है।**

## Newspaper of 15 March, 2026

- **धोलेरा से गुजरात का पहला साउंडिंग रॉकेट लॉन्च–**

14 मार्च, 2026 को गुजरात ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की। धोलेरा के पास बावलियारी क्षेत्र से राज्य का पहला साउंडिंग रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। दोपहर करीब 1 बजे अस्थायी लॉन्च कॉम्प्लेक्स से इसे प्रक्षेपित किया गया।

यह रॉकेट करीब 3 किलोमीटर की ऊँचाई तक पहुँचा और इसमें प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स तथा स्वचालित रिकवरी सिस्टम जैसे महत्त्वपूर्ण तकनीकी तंत्रों का सफल परीक्षण किया गया।

रॉकेट में मौसम से संबंधित आंकड़े एकत्रित करने में सक्षम एक छोटा प्रायोगिक पेलोड भी लगाया गया था। मंत्री मोढवाडिया ने लॉन्च को प्रत्यक्ष देखा और इसे गुजरात के लिए गर्व का क्षण बताया। 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रॉकेट का एयरफ्रेम कार्बन फाइबर और उन्नत कंपोजिट सामग्री से अहमदाबाद स्थित ओमस्पेस की प्रयोगशाला में तैयार किया गया।

## Newspaper of 16 March, 2026

- **बीसीसीआई नमन पुरस्कार में गिल और मंधाना सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर, द्रविड़ को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

15 मार्च, 2026 को नई दिल्ली में भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल और महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना को 2024-2025 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 समारोह में सर्वश्रेष्ठ अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। मंधाना को यह पुरस्कार पांचवीं बार मिला। गिल ने इससे पहले 2023 में यह पुरस्कार जीता था। इस बीच पूर्व दिग्गज खिलाड़ी रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को कर्नल सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आइसीसी चेयरमैन जय शाह ने उन्हें सम्मानित किया।

**विश्व चैंपियन टीम भी सम्मानित**

बीसीसीआई द्वारा आयोजित भव्य समारोह में हाल में टी20 विश्व कप जीतने वाली पुरुष क्रिकेट टीम, पिछले साल आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता और महिला वनडे विश्व कप विजेता टीम को भी सम्मानित किया गया। हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की विजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा व विराट कोहली मौजूद नहीं थे।

- **NHAI ने 1 अप्रैल, 2026 से एनुअल फास्टैग पास 75 रुपए महंगा किया है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इसकी फीस ₹ 3,000 के बजाय ₹ 3,075 कर दी गई है। NHAI के अनुसार संशोधित फीस वैध फास्टैग वाले नॉन-कॉमर्शियल वाहनों पर लागू होगी। उल्लेखनीय है कि परिवहन मंत्रालय के अनुसार इसे 56 लाख से अधिक लोग इस्तेमाल कर रहे हैं।**

- **फोर्ब्स वर्ल्ड बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट जारी हुई; भारत में अरबपतियों की संख्या 229 हुई–**

फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 229 हो गई है। पिछले साल यह 205 थी। देश के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बने लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे ज्यादा उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलरमित्तल के शेयरों में 80% से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर (2.87 लाख करोड़ रु.) पर पहुँच गई है।

**भारत :** 2026 के टॉप-4 रईस की संपत्ति (सभी संपत्ति लाख करोड़ रुपए में)

| रैंक | नाम | संपत्ति-26 | संपत्ति-25 | बदलाव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश अंबानी | 9.23 | 9.72 | –5.05% |
| 2. | गौतम अडानी | 5.91 | 8.52 | –30.7% |
| 3. | सावित्री जिंदल | 3.62 | 6.72 | –2.7% |
| 4. | लक्ष्मी मित्तल | 2.87 | 1.85 | +55% |

**दुनिया :** 2026 के टॉप-4 रईस की संपत्ति

| रैंक | नाम | संपत्ति-26 | संपत्ति-25 | बदलाव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इलॉन मस्क | 77.66 | 39.62 | +96.03% |
| 2. | लैरी पेज | 23.79 | 16.57 | +43.60% |
| 3. | सर्गेई ब्रिन | 21.94 | 15.37 | +42.77% |
| 4. | जेफ बेजोस | 20.74 | 22.31 | –7.05% |

**Newspaper of 17 March, 2026**

- **98वें ऑस्कर अवॉर्ड प्रदान किए गए; 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बेस्ट फिल्म रही; फिल्म 'सिनर्स' के लिए माइकल बी. जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला–**

अमेरिका के लॉस एंजिल्स में 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन डॉल्बी थिएटर में हुआ। अमेरिकी अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्ट फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म चुना गया। इस फिल्म ने इस साल सबसे ज्यादा 6 अवॉर्ड जीते। इस फिल्म को 35 मिमी फिल्म (नेगेटिव) और विस्टा विजन कैमरों से शूट किया था। 'सिनर्स' के लिए माइकल बी.जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला व फिल्म 'हेमनेट' के लिए 'जेसी बकले' को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड मिला।

- बेस्ट फिल्म–वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल–माइकल बी. जॉर्डन
- बेस्ट एक्ट्रेस इन ए लीडिंग रोल–जैसी बाकले
- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म–सेटिमेंटल वैल्यू
- बेस्ट एक्टर इन ए सपोर्टिंग रोल–सीन पेन
- बेस्ट एक्ट्रेस इन ए सपोर्टिंग रोल–एमी मैडिगन
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म–मिस्टर नोबडी पुतिन
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म–ऑल द एंप्टी रूम
- बेस्ट राइटिंग (ओरजिनल स्क्रीनप्ले)–सिनर्स
- बेस्ट म्यूजिक (ओरिजिनल सॉन्ग)–गोल्डन
- बेस्ट साउंड–एफ1
- बेस्ट कास्टिंग–वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन–फ्रेंकेस्टाइन 16
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी–सिनर्स ऑटम डुराल्ड

गौरतलब है कि बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए भारत की ओर से भेजी गई नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' ऑस्कर की फाइनल नॉमिनेशन लिस्ट में जगह नहीं बना पाई। यह फिल्म टॉप-15 शॉर्टलिस्ट में शामिल थी, लेकिन अंतिम 5 फिल्मों में नहीं पहुँच सकी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 घोषित किए गए; अंग्रेजी में नवतेज सरना और हिंदी में ममता कालिया को साहित्य अकादमी अवॉर्ड मिला–

हाल ही में राष्ट्रीय साहित्य अकादमी द्वारा साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 घोषित किए गए पूर्व भारतीय राजदूत और अंग्रेजी लेखक नवतेज सरना व हिंदी लेखिका ममता कालिया समेत 24 भारतीय भाषाओं के 24 साहित्यकारों को साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 दिया जाएगा। नवतेज सरना को उनके उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए चुना गया है। ममता कालिया को उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए यह सम्मान मिलेगा। अकादमी के अनुसार, पुरस्कार विजेताओं को 31 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में तांबे का स्मृति चिह्न और 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।

### इन साहित्यकारों का नाम पुरस्कार के लिए घोषित किया गया–

- प्रसून बंद्योपाध्याय – बंगाली
- योगेश वैद्य – गुजराती
- राजू बाविस्कर – मराठी
- जिंदर – पंजाबी
- अमरेश नुगडोनी – कन्नड़
- जितेंद्र कुमार सोनी – राजस्थानी
- सा. तमिलसेल्वन – तमिल
- प्रितपाल सिंह बेताब – उर्दू
- भगवान अटलानी – सिंधी
- सुमित्रा सोरेन – संथाली
- महामहोपाध्याय भद्रेशदास – संस्कृत
- गिरीजाकुमार सिंह – ओडिया

**Newspaper of 18 March, 2026**

## भारत ने किया स्वदेशी लिडार बोया का परीक्षण, समुद्र में मौसम-हवा की सटीक जानकारी देगा; 300 मीटर की ऊँचाई तक लेजर से जुटाएगा डेटा–

भारतीय वैज्ञानिकों ने तमिलनाडु के मुट्टम तट के पास स्वदेशी फ्लोटिंग लिडार बोया तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है, जो भविष्य में मौसम के सटीक पूर्वानुमान और समुद्री ऊर्जा के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित होगी। फ्लोटिंग लिडार बोया को समुद्र के ऊपर हवा के पैटर्न और वायुमंडलीय स्थितियों को मापने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हवा की गति और दिशा के साथ-साथ विभिन्न ऊँचाइयों पर हवा में होने वाले परिवर्तनों को ट्रैक कर सकता है। इसे राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइओटी) ने तैयार किया है। अब तक भारत को गहरे समुद्र में हवा की गति और वायुमंडलीय स्थितियों का सटीक डेटा जुटाने के लिए विदेशी तकनीकों पर निर्भर रहना पड़ता था। स्वदेशी लिडार तकनीक लेजर किरणों के जरिए समुद्र की सतह से 300 मीटर ऊपर तक के वातावरण का विश्लेषण कर सकती है।

**Newspaper of 19 March, 2026**

## डाक विभाग की 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल और 48 स्पीड पोस्ट जैसी तीन नई सेवाएँ शुरू हुई–

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने डाक विभाग की तीन नई सेवाओं की शुरुआत की है, इनमें 24 स्पीड पोस्ट, 24 स्पीड पोस्ट पार्सल तथा 48 स्पीड पोस्ट शामिल है। इनका मकसद तेज, सुरक्षित और समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित करना है। इन सेवाओं से अब जरूरी डॉक्यूमेंट और पार्सल पहले से कहीं ज्यादा तेजी से पहुँचाए जा सकेंगे। डाक विभाग की नई सेवाएँ लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम को सशक्त बनाएंगी।

### तीन नई सेवाओं की 5 प्रमुख विशेषताएँ–

- **समय की गारंटी**–स्पीड पोस्ट एवं 24 स्पीड पोस्ट पार्सल सेवा के अंतर्गत अगले दिन यानी 24 घंटे में डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। 48 स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से दो दिनों में समयबद्ध और सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। अभी फिलहाल 3-5 दिन लगते हैं।
- **रविवार की छुट्टी नहीं**–पहली बार '24 स्पीड पोस्ट' सेवा के तहत रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी डिलीवरी की जाएगी। साल में केवल तीन राष्ट्रीय अवकाशों (26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर) को छोड़कर यह सेवा साल के 362 दिन चालू रहेगी।
- **ओटीपी आधारित सुरक्षित डिलीवरी**–सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए पार्सल की डिलीवरी ओटीपी सत्यापन के बाद ही की जाएगी। साथ ही ग्राहकों को पल-पल की जानकारी एसएमएस अलर्ट और ट्रैकिंग के जरिए मिलती रहेगी। इससे ग्राहक पार्सल का स्टेटस जान सकेंगे।
- **मनी-बैक गारंटी**–यदि डाक विभाग तय समय सीमा के भीतर पार्सल डिलीवर करने में विफल रहता है, तो ग्राहकों को मनी-बैंक गारंटी के तहत मुआवजा दिया जाएगा।
- **कारोबारियों के लिए फायदेमंद**–छोटे कारोबार और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी यह सेवा उपयोगी होगी। इसमें फ्री बल्क पिकअप, अभी बुक करें-बाद में भुगतान करें और केन्द्रीकृत बिलिंग जैसी सुविधाएँ हैं। एक्सप्रेस डिलीवरी सेवाओं में कॉम्पिटिशन बढ़ेगी और ग्राहकों को बेहतर ऑप्शन मिलेंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**मार्च 2027 तक देशभर में शुरू होगी यह सेवा–**डाक विभाग की इन सेवाओं का लाभ फिलहाल देश के छह प्रमुख शहरों में मिलेगा। पहले चरण में यह सेवाएँ दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी। मार्च 2027 तक इसे देशभर में शुरू करने का लक्ष्य है। निर्धारित समय सीमा का पालन करने के लिए विभाग प्राथमिकता आधारित हवाई परिवहन का उपयोग करेगा।

- **केन्द्रीय कैबिनेट ने 'भव्य' योजना को मंजूरी दी; ₹33660 करोड़ से देश में 100 इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे; प्रति एकड़ एक करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी–**

18 मार्च, 2026 में केन्द्र सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 33660 करोड़ रुपए की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। सरकार का दावा है कि इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। साथ ही यह पहल एमएसएमई, स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और ग्लोबल इन्वेस्टर्स को तैयार औद्योगिक ढांचा उपलब्ध करा निवेश आकर्षित करेगी। इस पहल से देश में विश्वस्तरीय इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित होगा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1000 एकड़ तक के इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार के मुताबिक, ये इंडस्ट्रियल पार्क 'पीएम गतिशक्ति' सिद्धांतों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे, जिनमें ग्रीन एनर्जी, सतत संसाधन उपयोग और बहु-स्तरीय संपर्क सुविधा पर ध्यान दिया जाएगा।

**ऐसे चुने जाएंगे–**इन इंडस्ट्रियल पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25% तक समर्थन दिया जाएगा, ताकि संपर्क सुविधा बेहतर हो सके। इस योजना के तहत परियोजनाओं का चयन 'चैलेंज मोड' के जरिए किया जाएगा, ताकि केवल निवेश के लिए तैयार प्रस्तावों को ही आगे बढ़ाया जाए। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत विकसित औद्योगिक स्मार्ट शहरों की सफलता को आधार बनाते हुए 'भव्य' योजना को राज्यों और निजी क्षेत्र की साझेदारी में लागू किया जाएगा।

**कपास किसानों को राहत–**कैबिनेट ने कपास सीजन 2023-24 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संचालन पर हुए 1718 करोड़ रुपए के खर्च की प्रतिपूर्ति को मंजूरी दी है। यह निर्णय किसानों को समर्थन देने के लिए लिया गया, क्योंकि अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 तक चले सीजन में कपास की कीमतें एमएसपी से नीचे गिर गई थीं। साथ ही मंत्रिमंडल ने 2585 करोड़ रुपए के परिव्यय वाली लघु जलविद्युत विकास योजना को मंजूरी दी, इसका उद्देश्य 1500 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विकास को बढ़ावा देना है।

## Newspaper of 20 March, 2026

- **19 मार्च, 2026 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और वृन्दावन में प्रेम मंदिर व इस्कॉन मंदिर के दर्शन किए। अयोध्या में विशेष अनुष्ठान में हिस्सा लेकर उन्होंने 150 किलो का सोने की परत चढ़ा 'श्रीराम यंत्र' स्थापित किया। यंत्र को वैदिक गणित और 'बीज मंत्रों' के आधार पर बनाया गया है। इसे तमिलनाडु के कांची कामकोटि पीठम की परंपरा पर स्वामी विजयेंद्र सरस्वती के मार्गदर्शन मे तैयार किया गया।**

- **भारत सरकार ने विक्रम दोराईस्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया; ब्रिटेन में हाई कमिशनर–**

हाल ही में भारत ने सीनियर डिप्लोमेट विक्रम दोराईस्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है तब लंबे समय तक चले तनाव के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों को सुधारने की कोशिशें जारी है। दोराईस्वामी अभी ब्रिटेन में भारत के हाई कमिशनर है।

**बांग्लादेश की आजादी में पिता की भूमिका–**दोराईस्वामी का जन्म एक तमिल सैन्य परिवार में हुआ। उनके पिता भारतीय वायु सेना के अधिकारी थे, जिन्होंने बांग्लादेश मुक्ति युद्ध में हिस्सा लिया था। दोराईस्वामी उसी बांग्लादेश में भारत के हाई कमिशनर बने। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इतिहास में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। यूपीएससी की तैयारी करते समय एक साल तक बिजनेस टुडे पत्रिका में पत्रकार भी रहे।

- **केन्द्र सरकार ने निर्यातकों के लिए ₹497 करोड़ की 'रिलीफ' स्कीम शुरू की–**

19 मार्च, 2026 को केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण व्यवधान झेल रहे निर्यातकों को राहत देने के लिए 497 करोड़ रुपए आउटले वाली 'रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन' (रिलीफ) योजना की शुरुआत की। यह स्कीम विशेष रूप से उन 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने वाले निर्यातकों पर केन्द्रित है, जो ईरान संघर्ष से प्रभावित हुए हैं। रिलीफ स्कीम के लिए ईसीजीसी (भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम) को

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इंप्लीमेटिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। साथ ही विभिन्न मंत्रालयों, आरबीआइ और सीबीआइसी जैसे कई विभागों को शामिल करते हुए एक अंतर-मंत्रालयी समूह भी बनाया गया है। यह समूह माल ढुलाई की स्थिति के आधार पर विकसित हो रहे हालात का आकलन करने के लिए हर रोज मीटिंग करेगा।

**इन देशों के निर्यात को कवरेज–**राहत योजना के तहत पैकेज में निर्यात दायित्वों का ऑटोमेटिक तरीके से एक्सटेंशन, लॉजिस्टिक संबंधी मदद और खेप में देरी को मैनेज करने के लिए संभावित वित्तीय उपाय शामिल किए गए हैं। यह योजना मुख्य रूप से उन खेप या कंसाइनमेंट्स को कवर करती है, जिनकी डिलीवरी यूएई सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन, ईराक, ईरान, इजरायल और यमन जैसे देशों को होती है या जो वहाँ से होकर गुजरते हैं।

- **वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 जारी की गई; 2026 की 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' में फिनलैंड लगातार 9वीं बार/9वें साल शीर्ष पर रहा है; भारत 147 देशों की सूची में 116वें स्थान पर रहा–**

2026 की 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट' में फिनलैंड ने लगातार 9वीं बार बाजी मारी है। रिपोर्ट ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वेलबीइंग रिसर्च सेंटर ने जारी की है। गैलप व यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशंस नेटवर्क की स्टडी के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की गई है। 147 देशों की सूची में भारत 116वें स्थान पर है। इसके मुताबिक खुशी घटने की बड़ी वजह आर्थिक असुरक्षा, डिजिटल अकेलापन व सामाजिक सहयोग की कमी है।

युद्ध के बावजूद इजराइल 8वें स्थान पर है। एक्सपर्ट के मुताबिक इजरायल में 'सामाजिक एकजुटता' और 'पारिवारिक समर्थन' बहुत मजबूत है, जो संकट के समय मानसिक संबल देता है। युद्ध के बावजूद यूक्रेन (105वें) में 'साझा उद्देश्य' की भावना और रूस (72वें) में मध्यम स्थिरता बनी हुई है, जिससे दोनों की रैकिंग में बहुत बड़ी गिरावट नहीं आई।

**टॉप-10 खुशहाल देश–**

| | |
|---|---|
| 1. फिनलैंड | 2. आइसलैंड |
| 3. डेनमार्क | 4. कोस्टा रिका |
| 5. स्वीडन | 6. नॉर्वे |
| 7. नीदरलैंड्स | 8. इजराइल |
| 9. लक्जमबर्ग | 10. स्विट्जरलैंड |

**भारत में खुशी के स्तर–**भारत की तस्वीर 2024 (126) और 2025 (118) के मुकाबले लगातार स्थिति सुधर रही है। भारत की इस 'धीमी लेकिन पक्की' बढ़त के पीछे मजबूत पारिवारिक संरचना व सामाजिक ताना-बाना है, जो मुश्किल वक्त में सुरक्षा कवच बनता है। चीन (65) नेपाल (99) और पाकिस्तान (104) से पीछे हैं। इप्सॉस के हैप्पीनेस सर्वे में 29 देशों की सूची में भारत 22वें स्थान पर है।

## Newspaper of 22 March, 2026

- **मार्च, 2026 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशभर में पीपीपी मॉडल से 100 नए सैनिक स्कूल खोलने का ऐलान किया है, एनसीसी कैडेट्स की संख्या को भी 17 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया जाएगा।**

- **अयोध्या हाई-सिक्योरिटी जोन होगा, 61 एकड़ में बनाया जाएगा एनएसजी सेंटर; देश का सातवां एनएसजी केन्द्र होगा–**

दुनिया के अति संवेदनशील शहर में शुमार भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक कड़ी और मजबूत होगी। केन्द्र सरकार ने यहाँ राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का रीजनल सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिसके लिए 61 एकड़ जमीन मांगी गई है। पहले 8 एकड़ भूमि दी जा जा चुकी है, लेकिन अब विस्तृत केन्द्र के लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है। यह देश का सातवां एनएसजी केन्द्र होगा। इसके बनने से ब्लैक कैट कमांडो तैनात होंगे और किसी भी आतंकी या आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि राम मंदिर के लोकार्पण के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। सामान्य दिनों में हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों लोग यहाँ पहुँचते है। अब तक करीब 40 करोड़ श्रद्धालु दर्शन कर चुके है, जिनमें 2025 में ही 28 करोड़ शामिल रहे। बढ़ती भीड़ और संवेदनशीलता को देखते हुए उच्च स्तरीय सुरक्षा जरूरी हो गई। एनएसजी केन्द्र बनने पर 24 घंटे ब्लैक कैट कमांडो तैनात रहेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और मजबूत होगी।

- **अप्रैल, 2026 में भारतीय नौसेना विशाखापत्तनम में स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को अपने बेड़े में शामिल करेगी। मझगांव डॉक शिप बिल्डिंग लिमिटेड, मुंबई ने इस 6670 टन वजनी युद्धपोत का निर्माण किया है। यह प्रोजेक्ट 17A श्रेणी का चौथा फ्रिगेट है। इसमें 75% स्वदेशी उपकरणों का उपयोग हुआ है, जिनसे 200 से अधिक एमएसएमई जुड़े है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली लगी है। कम रडार क्रॉस सेक्शन इसे घातक स्टील्थ क्षमता देता है। यह युद्धपोत युद्ध के साथ साथ मानवीय राहत अभियानों के लिए भी सक्षम है।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

## Newspaper of 23 March, 2026

- **24 मार्च, 2026 को गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता ( यूसीसी ) विधेयक पारित हो गया है। इसमें सभी नागरिकों के लिए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव इन संबंधों पर एक ही कानून लागू होगा। इससे पहले उत्तराखंड यूसीसी पारित कर चुका है।**

## Newspaper of 26 March, 2026

- **सारा मुलेली : 106वीं आध्यात्मिक प्रमुख आर्चबिशप ऑफ कैंटरबरी बनने वाली पहली महिला बनीं–**

ईसाई धर्म के बीते 500 वर्षों के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 25 मार्च, 2026 'फीस्ट ऑफ द एननसिएशन' के अवसर पर, 63 वर्षीय सारा एलिजाबेथ मुलेली को औपचारिक रूप से 'आर्चबिशप ऑफ कैंटरबरी' के रूप में स्थापित किया गया। वह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाली विश्व की पहली महिला बन गई हैं। वे 8.5 करोड़ सदस्यों वाले वैश्विक एंग्लिकन कम्युनियन की आध्यात्मिक प्रमुख बनी है। कैंटरबरी कैथेड्रल में आयोजित भव्य समारोह में प्रिंस विलियम, पत्नी कैथरीन और पीएम कीर स्टार्मर सहित 2000 से अधिक लोग शामिल हुए।

सारा मुलेली ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) में मुख्य नर्सिंग अधिकारी रह चुकी है। मुलेली का चयन 11 माह की लंबी प्रक्रिया के बाद किया गया है। नियुक्ति के साथ ही सारा मुलेली के सामने कई चुनौतियां भी होंगी। चर्च में महिलाओं और एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ व्यवहार को लेकर मतभेदों से भी उन्हें निपटना होगा।

## Newspaper of 27 March, 2026

- **भारत की जीडीपी विकास दर चालू वित्त वर्ष में 7.6% रहने की उम्मीद है। आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) ने यह अनुमान व्यक्त किया है। इसके मुताबिक पश्चिम एशिया तनाव के कारण ईंधन की कीमतों में आए उछाल से वित्त वर्ष 2026-27 में महँगाई बढ़कर 5.1% तक पहुँच सकती है।**
- **हाल ही में देश भर में रेल पटरियों को पार करते समय होने वाली हजारों दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेल मंत्रालय ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। 26 मार्च, 2026 को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आयोजित अधिकारियों की कार्यशाला में निर्देश दिए कि सर्वे के आधार पर चयनित स्थानों पर मात्र 12 घंटे के भीतर पुलिया ( सब-वे ) का निर्माण होगा। यह योजना विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए है, जहाँ पटरियों के एक ओर घनी आबादी तथा दूसरी और खेत स्कूल जैसे सार्वजनिक स्थल स्थित हैं। अगले 5 से 6 वर्षों के भीतर देश को इस व्यवस्था से पूरी तरह मुक्त करने का लक्ष्य दिया गया है।**
- **हाल ही में केन्द्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा ( आइएफएस ) के 1992 बैच के अधिकारी पी. कुमारन को ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त पद पर नियुक्त किया है। कुमारन अभी विदेश मंत्रालय में सचिव ( पूर्व ) के पद पर कार्यरत हैं।**

## Newspaper of 29 March, 2026

- **अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय सेना ने पुराने बेली ब्रिज को बनाया 'बॉर्डर ब्रू कैफे'–**

अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले के सुदूर सीमावर्ती इलाके जेमीथांग में भारतीय सेना ने इंजीनियरिंग का यह अनूठा प्रयोग किया है। सेना ने एक पुराने बेली ब्रिज को मलबे में फेंकने के बजाय उसे एक शानदार 'बॉर्डर ब्रू कैफे' में बदल दिया है। चीन के साथ जुड़ी सरहदी इलाके में गरजती हुई नदी के ठीक ऊपर कांच की दीवारों से घिरा यह कैफे न केवल बेहतरीन नजारे देता है, बल्कि सीमावर्ती समुदायों की बदलती तकदीर की कहानी भी कहता है।

ऑपरेशन सद्भावना के तहत प्रोजेक्ट को 5 हफ्तों के रेकॉर्ड समय में पूरा किया। पुराने स्टील गर्डर्स और मिलिट्री-ग्रेड डेकिंग को आधुनिक कैफे में बदलते हुए इसकी फर्श और दीवारों पर कांच के पैनल लगाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इस कैफे का पूरा प्रबंधन स्थानीय मोनपा समुदाय की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। ऐतिहासिक रूप से औपचारिक रोजगार से दूर रहीं मोनपा महिलाओं के लिए यह कैफे 'कैश इकोनॉमी' और पर्यटन क्षेत्र में प्रवेश का एक बड़ा द्वार बन गया है।

- **रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में डीएसी बैठक में फैसला; 2.38 लाख करोड़ में एयर डिफेंस-तोप और एस-400 खरीदे जाएंगे–**

केन्द्र सरकार ने सेना के लिए एयर डिफेंस सिस्टम और धनुष तोप, वायुसेना के लिए एस-400 मिसाइल, ट्रांसपोर्ट विमान और ड्रोन, जबकि तटरक्षक बल के लिए हॉवरक्राफ्ट खरीदने को मंजूरी दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) की बैठक में 2.38 लाख करोड़ के प्रस्तावों पर मुहर लगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इस राशि में तीनों सेनाओं के लिए अलग-अलग आधुनिक सिस्टम खरीदे जाएंगे। 2.38 लाख करोड़ के प्रस्ताव पास होने के साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 6.73 लाख करोड़ के 55 प्रस्तावों को मंजूरी मिल चुकी है।

**तीनों सेनाओं के लिए क्या-क्या खरीदा जाएगा–**

**सेना–**एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग एंटी-टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले सिस्टम, धनुष गन सिस्टम और रनवे-इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम शामिल हैं। इससे लंबी दूरी तक हमले की क्षमता बढ़ाएंगे।

**वायुसेना–**मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, एस-400 लंबी दूरी की एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम, रिमोटली पायलटेड स्ट्राइक एयरक्राफ्ट और सुखोई-30 के इंजन अपग्रेड को मंजूरी। इससे एयरलिफ्ट स्ट्राइक क्षमता मजबूत होगी।

- **डेंगू, निमोनिया के लिए तीन नए टीकों को मंजूरी–**

देश में डेंगू, निमोनिया और मेनिनजाइटिस जैसी बीमारियों से बचाव के लिए सरकार की विशेष विशेषज्ञ समिति (एसईसी) ने तीन वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। इनमें जापान की फॉर्मा कंपनी टकेडा की टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन खास है। यह डेंगू के चारों प्रकार के वायरस से बचाती है।

फ्रांस की कंपनी सनोफी हेल्थकेयर की मेनिंगोकोकल पॉलिसैकेराइड टेटनस वैक्सीन को भी मंजूरी दी गई है। यह मेनिनजाइटिस (दिमागी बुखार) से बचाव के लिए 2 साल से अधिक उम्र वालों को दी जाएगी। इसी तरह, एसईसी ने निमोनिया से बचाव के लिए जीसी केमी फार्मा कंपनी की पीसीवी वैक्सीन के डोज में अहम बदलाव की सिफारिश की है। अब बच्चों को तीन डोज के बाद 15 से 18 महीने की उम्र में एक बूस्टर डोज दी जाएगी।

- **28 मार्च, 2026 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के जेवर (नोएडा) में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नए अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे नोएडा एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन किया। नए एयरपोर्ट से 45 दिनों में घरेलू उड़ानें शुरू होंगी।**

## Newspaper of 30 March, 2026

- **मार्च, 2026 में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन की घोषणा के अनुसार भारत सरकार की 'उड़ान' योजना के तहत अगले 10 वर्षों के लिए 28 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जिससे देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 हैलीपेड बनाए जाएंगे। उन्होंने भावनगर से नवी-मुंबई फ्लाइट का शुभारंभ किया।**

- **तेलंगाना विधानसभा में 'तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता विधेयक-2026' बिल पेश हुआ; माता-पिता की देखभाल नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा।**

29 मार्च, 2026 को तेलंगाना विधानसभा में पारित 'तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता विधेयक-2026' कानून के तहत अब माता-पिता की देखभाल नहीं करने वाले कर्मचारियों का वेतन काटा जाएगा।

विधेयक के दायरे में सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ-साथ विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि भी शामिल है। दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के वेतन से अधिकतम 15 प्रतिशत या 10000 रुपए (जो भी कम हो) तक की कटौती की जा सकेगी। यह प्रावधान जैविक और सौतेले दोनों तरह के माता-पिता पर लागू होगा।

**60 दिन में होगा निपटारा–**विधेयक के तहत उपेक्षित वरिष्ठ नागरिक जिला कलेक्टर के समक्ष शिकायत दर्ज करा सकेंगे। कलेक्टर को 60 दिनों के भीतर दोनों पक्षों को सुनकर फैसला देना होगा। तय राशि सीधे माता-पिता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। अपील की सुनवाई के लिए 'सीनियर सिटीजन कमीशन' गठित करने का प्रस्ताव है, जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड हाईकोर्ट जज करेंगे।

## Newspaper of 31 March, 2026

- **मार्च, 2026 में भारत की तीनों सेनाओं ने अंडमान निकोबार के पास 'द्वीप शक्ति' नाम से संयुक्त अभ्यास किया। इसमें आधुनिक उपकरणों और ड्रोन का इस्तेमाल किया। जमीन से समुद्री हमलों, समुद्री लैंडिंग को अंजाम दिया गया। द्वीपीय क्षेत्रों की रक्षा करने का अभ्यास भी किया।**

- **भारत की 19 वर्षीय शीतल देवी को विश्व तीरंदाजी द्वारा 'पैरा आर्चर ऑफ द ईयर 2025' चुना गया है। जम्मू-कश्मीर की रहने वाली शीतल बिना हाथों के पैदा हुई थी और अपने पैरों व कंधे की मदद से सटीक निशाना लगाती हैं। पिछले वर्ष दक्षिण कोरिया में विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने इतिहास रचा था।**

- **भारतीय नौसेना को मिला 'एआई' कॉम्बैट सिस्टम दुनागिरी–**

मार्च 2026 में रक्षा पीएसयू जीआरएसई ने नौसेना को एआई आधारित कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से लैस एडवांस्ड गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी' सौंप दिया है। 149 मीटर लंबा और 6670 टन वजनी यह वॉरशिप आधुनिक हथियारों से लैस है। यह युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइलों और आधुनिक सेंसर्स

के जरिए जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर वार करने में सक्षम है। इसके साथ ही नौसेना के बेड़े में सर्वे वेसल 'संशोधक' और एंटी-सबमरीन युद्धपोत 'अग्राय' को भी शामिल किया गया है, जो समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और डेटा जुटाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

- **1 अप्रैल, 2026 से इंटरनेट वाले चीनी सीसीटीवी की बिक्री पर प्रतिबंध–**

भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लेते हुए 1 अप्रैल, 2026 से चीनी मूल के इंटरनेट से जुडे सीसीटीवी कैमरों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। अब नए नियमों के तहत कोई भी सीसीटीवी या निगरानी उपकरण बिना सरकारी प्रमाणन के भारत में नहीं बेचा जा सकेगा, जिसके लिए कंपनियों को सख्त परीक्षण और मानकों से गुजरना होगा। इस कदम से हिकविजन और दाहुआ जैसी कंपनियों की भारतीय बाजार में बिक्री पर रोक लग जाएगी। सरकार का मानना है कि सीसीटीवी सिस्टम देश के महत्त्वपूर्ण ढांचे का हिस्सा हैं, जो एयरपोर्ट, सरकारी भवन और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क जैसे संवेदनशील स्थानों की निगरानी करते हैं। ऐसे में विदेशी उपकरणों से डेटा लीक, छिपे बैकडोर एक्सेस और दूर से नियंत्रण जैसे खतरे पैदा हो सकते हैं। नए नियमों के तहत कंपनियों को सिस्टम-ऑन-चिप (एसओसी) जैसे प्रमुख कंपोनेंट्स की जानकारी देनी होगी और उत्पादों को मान्यता प्राप्त लैब से जांच से गुजरना होगा।

□□□

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**51 वर्षों** से आपका विश्वसनीय

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

**Join Our App**

संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन

**Join Our Telegram**

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com